# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 1 (2019-20)

## हिन्दी - ब (कोड-85)

## कक्षा- 10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 10

यदि मनुष्य और पशु के बीच कोई अंतर है तो केवल इतना कि मनुष्य के भीतर विवेक है और पशु विवेकहीन है। इसी विवेक के कारण मनुष्य को यह बोध रहता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। इसी विवेक के कारण मनुष्य यह समझ पाता है कि केवल खाने-पीने और सोने में ही जीवन का अर्थ और इति नहीं। केवल अपना पेट भरने से ही जगत के सभी कार्य सम्पन्न नहीं हो जाते और यदि मनुष्य को जन्म मिला है तो केवल इसी चीज का हिसाब रखने के लिए नहीं कि इस जगत ने उसे क्या दिया है और न ही यह सोचने के लिए कि यदि इस जग ने उसे कुछ नहीं दिया तो वह इस संसार के भले के लिए क्या क्यों करे। मानवता का बोध कराने वाले इस गुण **विवेक** की जननी का नाम शिक्षा है। शिक्षा जिसके अनेक रूप समय के परिवर्तन के साथ इस जगत में बदलते रहते हैं, वह जहाँ कहीं भी विद्यमान रही है सदैव अपना कार्य करती रही है। यह शिक्षा ही है जिसकी धुरी पर यह संसार चलायमान है। विवेक से लेकर विज्ञान और ज्ञान की जन्मदात्री शिक्षा ही तो है। शिक्षा हमारे भीतर विद्यमान वह तत्व है जिसके बल पर हम बात करते हैं, कार्य करते हैं, अपने मित्रों और शत्रुओं की सूची तैयार करते हैं, उलझनों को सुलझनों में बदलते हैं। असल में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को ही शिक्षा कहते हैं। शिक्षा उन तथ्यों का तथा उन तरीकों का ज्ञान कराती है जिन्हें हमारे पूर्वजों ने खोजा था- सभ्य तथा सुखी जीवन बिताने के लिए और आज यदि हम सुखी जीवन बिताना चाहते हैं तो हमें उन तरीकों को सीखना होगा, उन तथ्यों को जानना होगा जिन्हें जानने के लिए हमारे पूर्वजों ने निरंतर सदियों तक शोध किया है जो केवल शिक्षा के द्वारा ही संभव है।

1. मनुष्य और पशु के बीच क्या अंतर है? विवेकशील होने से मनुष्य को क्या लाभ है? 2
2. मनुष्य का जन्म किसका हिसाब रखने तथा क्या सोचने के लिए नहीं हुआ है? 2
3. संसार किसकी धुरी पर चलायमान है और कैसे? 2
4. शिक्षा हमें किन तथ्यों तथा तरीकों का ज्ञान कराती है? ये सुखी जीवन बिताने में किस प्रकार सहायक है? 2
5. मानवता का बोध कराने वाले गुण **विवेक की जननी** का नाम क्या है? 1
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **शब्द और पद के अंतर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।** 1

3. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।** $1 \times 3 = 3$
   1. मैं दिल्ली जाकर पढ़ाई करूँगा। (संयुक्त वाक्य में)
   2. उसने चोरी की बात नहीं कबूली। (मिश्र वाक्य में)
   3. ज्यों ही वह पहुँचा वर्षा होने लगी। (सरल वाक्य में)

4. **1.** निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए– **$1 \times 2 = 2$**
राजपुत्र, शरणागत
2. निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। **$1 \times 2 = 2$**
महान है जो आत्मा, माता और पिता

5. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** **$1 \times 4 = 4$**
1. महेश ने शहर के चारों ओर परिक्रमा की।
2. जब पास होगे, तभी पढ़ोगे।
3. सिल बट्‌टे पर चटनी पीसी जाती है।
4. सरिता धीमी स्वर में बोली।

6. **उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए।** **$1 \times 4 = 4$**
1. भारत के वीर सिपाहियों का सामना करना लोहे .......... है।
2. सोहन के कक्षा में प्रथम आने पर उसके पिता फूले ..........।
3. हमें कठिनाइयों के आगे .......... चाहिए।
4. भारत व पाक आपसी समझबूझ से .......... हैं।

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 28

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** **$2 \times 3 = 6$**
1. वृजलाल गोयनका किस प्रकार पकड़े गए? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बताइए।
2. सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?
3. घुड़सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?
4. छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया?

8. **वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था? उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि 80–100 शब्दों में कीजिए।** 5

**अथवा**

**बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है? 80–100 शब्दों में समझाइये।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।**
**$2 \times 3 = 6$**
1. कवि को परमात्मा से क्या–क्या अपेक्षाएँ नहीं है? आत्मत्राण कविता के आधार पर बताइए।
2. कर चले हम फिदा, कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?
3. मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है?
4. मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?

10. **आपके विचार से क्या मीरा की कृष्ण–भक्ति आज के युग में प्रासंगिक है? 80–100 शब्दों में तर्क सम्मत टिप्पणी कीजिए।5**

**अथवा**

**मनुष्यता कविता में किन परोपकारी पुरूषों का उल्लेख किया गया है? उनके जीवन से हम क्या प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं? 80–100 शब्दों में लिखिये।**

11. **1.** हरिहर काका मानसिक रूप से कमजोर क्यों पड़ते जा रहे थे? आपकी समझ में उनके तथा परिवार के लोगों के परस्पर व्यवहार का क्या आदर्श स्वरूप होना चाहिए था? (60–70 शब्दों में समझाइये) 3
2. नई श्रेणी में जाने और नई कापियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? (60–70 शब्दों में समझाइये) 3

Download 20 Solved Sample Papers Free PDF from www.cbse.online or www.rava.org.in

## खण्ड–घ (लेखन) 26

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6

(1) वन और हमारा पर्यावरण।

❊ प्रदूषण की वर्तमान समस्या ❊ वृक्षों का महत्व ❊ व्यक्तिगत एवं सरकारी प्रयास

(2) महानगरों में महिलाओं की सुरक्षा।

❊ महानगरों की समस्या और सुरक्षा की स्थिति ❊ महिलाओं की असुरक्षा ❊ कारण, प्रभाव और समाधान।

(3) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

❊ अभ्यास का अर्थ ❊ अभ्यास के आवश्यक तत्व ❊ सफल व्यक्ति ❊ सच्चे कर्मवीर के लक्षण

13. किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को अपने क्षेत्र में चल रही बिजली की कटौती में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड के सचिव को लिपिक के पद के लिए एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।

14. आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना 40–50 शब्दों में जारी करें। 5

अथवा

आप एन. के. विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं। दिल्ली में लगे ट्रेड फेयर देखने के इच्छुक छात्रों को वहाँ ले जाने की सूचना 40–50 शब्दों में जारी करें।

15. लगातार बढ़ती महँगाई पर दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

विकास के मॉडल हाईवे, मॉल, मल्टीप्लेक्स विषय पर शिक्षक और छात्र के बीच संवाद 50–60 शब्दों में लिखिए।

16. सरकार की निःशुल्क शिक्षा योजना के लिए 25–50 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

पुस्तक विक्रेता के लिए आकर्षक विज्ञापन 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.